हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 19 जून 2024

06 वाहन की टक्कर से महिला सरपंच और उनकी ...

07 नवनियुक्त कृषि मंत्री चौहान को प्रचंड जीत...




## खबर संक्षेप

### मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय 15 अगस्त तक प्रतिबंध

**सीहोर।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन के दृष्टिगत रखते हुये और उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य के सभी प्रकार के जल संसाधनों में जहां पर मत्स्य प्रजनन की संभावना को देखते हुये कलेक्टर प्रवीण सिंह ने मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1948 के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में अधिघोषित किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार अधिनियम-1981 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5000 रू0 जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

### दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए 25 जून निर्धारित

**सीहोर।** वाणिज्यिक कर विभाग, द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकित पदों में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की पूर्ति वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से किये जाना है। दिव्यांगजनों से रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक द्वारा भर्ती के लिए आवेदन पत्र विभाग की बेब साईट www.mptax.mp.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

## प्रवेश उत्सव: जिला मुख्यालय स्थित मनुबेन स्कूल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित

# सरकार बच्चों को स्कूलों में बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयास कर रही : विधायक सुदेश राय

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने दीप जलाकर तथा बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नए सत्र की शुरुआत के साथ ही 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। जिला मुख्यालय स्थित मनुबेन सीएम राइज स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सीहोर विधायक सुदेश राय शामिल हुए। यह कार्यक्रम तीन दिन तक चलेगा।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने दीप जलाकर तथा बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बच्चों के पालकों को पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का काम कर रही है। आज शिक्षा के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। बच्चों को पूरी लगन से मेहनत करना चाहिए ताकि उनका, परिवार का, जिले का और प्रदेश का नाम रोशन हो। उन्होंने बच्चों को बताया कि सीएम राईस स्कूल की शुरुआत केन्द्रीय कृषि मंत्री तथा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की है। इन विद्यालयों में आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल टाइम जीवन का सबसे स्वर्णिम समय होता है। यह दोबारा जीवन में नहीं आएगा। इस समय का सदुपयोग कर गुरुजनों के मार्गदर्शन में कठिन परिश्रम कर अपना और प्रदेश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने भी बच्चों को संबोधित किया। इस अवसर पर मनुबेन स्कूल के प्राचार्य दीप सिंह राठौर, सभी शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर में मनाया गया प्रवेश उत्सव :** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, सीहोर में प्रवेश उत्सव का गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में, विशेष अतिथि सत्यनारायण वारिश पार्षद नगर पालिका परिषद सीहोर एवं मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी उपस्थित हुए। विद्यालय में प्रवेश उत्सव माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा पूरक परीक्षाओं के संचालन के कारण दोपहर 12 बजे आरंभ हुआ। सर्वप्रथम मानसी प्रजापति समूह ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मधुर प्रस्तुति दी अतिथियों के स्वागत के पश्चात डॉ. राजेंद्र देशमुख ने शिक्षा मंत्री का संदेश वाचन किया एवं देवेंद्र राय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को वर्ष भर उत्साह के साथ लक्ष्य बनाकर सतत परिश्रम के लिए मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मानव मूल्यों के प्रति समर्पित होकर अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था प्राचार्य श्रीमती जैन ने पूरे वर्ष भर अनुशासित होकर परिश्रम सेअध्ययन करने के लिए मार्गदर्शन दिया।




### हसनाबाद में मनाया प्रवेशोत्सव



शासकीय माध्यमिक शाला हसनाबाद मे मंगलवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें सर्व प्रथम शाला प्रभारी मनीषा राठौर शाला समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्राज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। एमडीएम अध्यक्ष अनूप वर्मा का स्वागत नीति राठौर ने किया सरपंच के प्रतिनिधि विनय पांडे का स्वगत धर्मेश राठौर ने किया वलेंटियर सचिन वर्मा का स्वागत मंजू मालवीय ने किया। इस अवसर पर समस्त छात्र छात्राओं एवम पलकों का स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर कुंत , गोकल, श्यामा, रीना, ज्योति, सतीश ,राकेश, कमलेश आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश्वर तिवारी ने किया।

# पीड़ित ने जनसुनवाई में लगाई गुहार, जेसीबी चलाकर मेरी जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा



**सीहोर।** जिला मुख्यालय की तहसील जावर के ग्राम झिकड़ीखुर्द के बुजुर्ग बेलदार समाज के कृषक हटेसिंह ने सीहोर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में अपने परिजनों के साथ गुहार लगाते हुए आवेदन दिया है कि मेरी वर्षों पुरानी भूमि पर गांव के दबंग गजराजसिंह, अनार सिंह, कमलसिंह, कालूसिंह के द्वारा जेसीबी से मेरी पट्टे की काबिज भूमि पर नाली खोदकर कब्जा कर रहे हैं, मना करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। यह लोग कहते हैं कि श्मशान घाट के लिए जगह चाहिये, जबकि हमारे द्वारा पूर्व में ही इन लोगों को श्मशान घाट के लिये जमीन दे दी गई है, जिस पर इन लोगों द्वारा बीम कॉलम लगाकर दाह संस्कार हेतु पक्का चबुतरा बना हुआ है, इसके बावजूद भी इन लोगों द्वारा चबुतरे पर दाहसंस्कार नही करते हुऐ हमारी भूमि पर दाहसंस्कार किया जाता है और अब तो इन्होने हद ही कर दी हमारी उपजाऊ भूमि पर कब्जा करते हुए जेसीबी से नाली खोद दी है, हमारे द्वारा आपत्ति ली गई तो यह लोग हमें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। बुजुर्ग हटेसिंह ने यह भी कहा है कि इन लोगों ने सन 2006 में भी जमीन हड़पने के लिये काफी विवाद किया था,जिसका मेरे पुत्र द्वारा विरोध किया गया तो उसको मौत के घाट उतार दिया गया, इसी सदमें में मेरी बहु व मेरे मृतक पुत्र की पत्नि की भी मृत्यु हो गई और अब गजराज सिंह व उसके भाई कहते हैं कि तेरे बेटे की तरह तुम लोगों को भी मार डालेगें। उक्त पीड़ित परिवार काफी डरा सहमा है और इनका कहना है कि यदि इनके परिजनों के साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार भी यह लोग रहेगें। यदि इनकी जमीन छीन ली जाती है तो वह अपना भरण पोषण कैसे करेगें। इसी को लेकर पीड़ित हटेसिंह, धर्मेन्द्र, चैनसिंह, सौभालसिंह, सागर सिंह ने जनसुनवाई में गुहार लगाई है कि हमें न्याय दिलाते हुए हमें हमारी भूमि दिलाई जाए।

# एक जून से 18 जून तक 25.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में प्रातः: 08 बजे तक 0.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 0.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0.0, आष्टा में 0.0, जावर में 2.0, इछावर में 0.0, भैरूंदा में 0.0, बुधनी में 0.0, रेहटी में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में 01 जून से 18 जून को प्रातः 8 बजे तक 25.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 12.7 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 18 जून 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 24.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 9.0, आष्टा में 42.0, जावर में 32.0, इछावर में 40.0, भैरूंदा में 24.0, बुधनी में 14.0 तथा रेहटी में 16.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# स्वास्थ्य अमले ने छिदगांव पहुंचकर की जांच, घरों में मिला डेंगू का लार्वा

### पूरे गांव में की फागिंग, गली-गली डाला गया ब्लीचिंग पॉवडर, ग्रामीणों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**भैरूंदा।** पिछले डेढ़ माह से क्षेत्र के गांव छिदगांव मौजी में तेजी के साथ डेंगू व बुखार फैलने से यहां हर घर में बुखार से पीढ़ित मरीजों की तादात में वृद्धि हो रही थी। जिले के मलेरिया विभाग इस मामले में अनविज्ञ बना हुआ था। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को लेकर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव ग्रामीणों के द्वारा सूचना दी गई। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और शनिवार को सुबह से ही अमले ने पहुंचकर गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाते हुए पूरे गांव में फागिंग मशीन चलाई, गांव की गलियों में ब्लीचिंग पॉवडर का छिडक़ाव करते हुए ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मलेरिया विभाग द्वारा 90 घरों में लार्वा सर्वे किया, जिसमें से 3 घरों में डेंगू का लार्वा पाया गया। जिसे तत्काल नष्ट करा। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में ग्रामीणों को हिदायत दी गई हैं कि अपने घरों के आसपास पानी जमा ना होने दे, इसके अलावा गांव व घरों में रखे हुए पानी के बर्तन, टॉयर, ड्रम, कूलर में नियमित रूप से पानी बदले। जिससे कि लार्वा एकत्रित ना हो सके। घरों में शाम के समय नीम का धुंआ करे, जिससे कि मच्छरों से निजात मिल सके।

उल्लेखनीय हैं कि अप्रैल माह में छिदगांव मौजी के आदिवासी मोहल्ले सहित अन्य गलियों में बुखार से पीड़ित मरीजों की तादात में एकाएक वृद्धि होने लगी थी। प्रत्येक घर में तीन से चार मरीज बुखार से पीड़ित निकलकर सामने आ रहे थे। इस दौरान गांव के 5 लोग के प्लेटरेट्स कम होने पर उन्हें भोपाल रेफर किया गया था। उसके बाद से ही मरीजों की संख्या में वृद्धि होने लगी थी। लगभग डेढ़ माह पूर्व मलेरिया विभाग ने पहुंचकर जांच की थी, इस दौरान तीन घरों में डेंगू का लार्वा मिला था। उसके बाद ग्रामीणों को सर्तक रहने की समझाईश दी गई थी। लेकिन ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की समझाईश पर ध्यान नहीं दिया और डेढ़ माह बाद फिर गांव में डेंगू का लार्वा मिला। शनिवार को जिला चिकित्सा विभाग से मलेरिया की टीम द्वारा 2 फागिंग मशीन से प्रत्येक गली-मोहल्ले में धुआं किया गया। वहीं सेक्टर डॉक्टर, ग्रामीण स्वास्थ्य अमले सहित एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं द्वारा लार्वा सर्वे व ब्लीचिंग पॉवडर का छिडक़ाव किया गया। ग्राम सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र भाटी ने बताया कि गांव के पंचायत भवन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसकी सूचना ग्राम चौकीदार व सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रामीणों को दी गई। शिविर में 30 ग्रामीणों को दवाओं का वितरण किया गया।



## सुविधा के लिए बनाए फोरलेन का नहीं हो रहा सही उपयोग, खड़े रहते हैं वाहन

# 42 करोड़ का फोरलेन बनाया, पार्किंग जोन क्यों नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आज तक शहर में वाहनों के लिए कहीं पर भी व्यवस्थित पार्किंग स्थल नहीं बन सका जबकि इसकी बहुत जरूरत है। यातायात सुगम हो, इसके लिए चाणक्यपुरी से चौपाल सागर तक का 8 किमी लंबा फोरलेन बना दिया लेकिन अब इस पर लोग चार पहिया वाहनों को खड़ा कर रहे हैं। हालत यह है कि फोरलेन का सही फायदा ही वाहन चालकों को नहीं मिल पा रहा है। बस स्टैंड, गंगा आश्रम और इंदौर नाका पर इस कदर वाहन खड़े रहते हैं कि यहां से कई बार तो निकलना भी कठिन हो जाता है। शहरवासी एक बड़ी समस्या से जूझ रहे हैं। 45 करोड़ की लागत से फोरलेन तो बना दिया लेकिन कहीं दो पहिया तो कई जगह चार पहिया वाहनों के खड़े करने से परेशानी हो रही है। हालत यह है कि आज तक शहर में कहीं पर भी पार्किंग जोन नहीं बनाया जा सका। यही कारण है कि हर कहीं बेतरतीब वाहन खड़े दिखाई देते हैं। वाहन पार्किंग की समस्या लंबे समय से बनी हुई है लेकिन जिम्मेदारों ने आज तक इसका समाधान नहीं कराया।



### इन जगहों पर हो रही समस्या

**बस स्टैंड:** यहां पर भी दोपहिया वाहनों को इस कदर खड़ा कर दिया जाता है कि फोरलेन की संकरा लगने लगता है। कई बार पुलिस ने यहां पर व्यवस्था बनवाई लेकिन समस्या अभी भी बनी हुई है।

**गंगा आश्रम:** इस क्षेत्र में अस्पताल, पैथालॉजी लैब, मेडिकल स्टोर और डॉक्टरों के क्लीनिक चल रहे हैं। यही कारण है कि यहां पर सुबह से रात तक लोगों की भीड़ लगी रहती है। अधिकतर मरीजों को चार पहिया वाहनों से लोग लाते हैं। इसके बाद इनकी पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होने से फोरलेन पर इन्हें खड़ा कर दिया जाता है।

**इंदौर नाका:** सबसे बड़ी समस्या यहां पर इसलिए है क्योंकि सड़क किनारे ट्रकों और डंपरों को खड़ा कर दिया जाता है। इससे हमेशा यहां पर हादसों का खतरा बना रहता है। यही नहीं फोरलेन पर ही वाहनों को खड़े कर मैकेनिक इनकी मरम्मत का काम करते हैं। यह काम भी सालों से हो रहा है लेकिन इन वाहनों को यहां पर खड़े होने से नहीं रोका जा सका।

# राज्य सेवा और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 23 जून को दो पाली में आयोजित होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष-2024 का आयोजन 23 जून को जिला मुख्याल के 06 परीक्षा केन्द्रो पर प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से सायं 4:15 बजे तक आयोजित होगी। प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित सामग्री जिला कोषालय के दृढ कक्ष से परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने एवं परीक्षा समाप्ति पश्चात परीक्षा केन्द्रों से मुहरबंद सामग्री प्राप्त कर जिला कोषालय के दृढ कक्ष में रखवाने की व्यवस्था के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार नायब तहसीलदार अर्पिता मेहता, शा० सुभाष उ०मा०वि० के आशीष शर्मा, को परीक्षा केन्द्र केन्द्रीय विद्यालय, शा. कन्या महाविद्यालय और शा. चन्द्रशेखर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के लिए नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार प्रभारी तहसीलदार श्याम नंदन चन्देले, बीएसी, जनपद शिक्षा केन्द्र के सुरेन्द्र यादव को नूतन बाल विद्या मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्र०-1 और शा. महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल के लिए नियुक्त किया गया है। नियुक्त अधिकारी कर्मचारी 23 जून को प्रातः 7 बजे जिला कोषालय में उपस्थित होकर जिला कोषालय सीहोर के दृढ़ कक्ष से परीक्षा केन्द्रों तक सामग्री पहुंचाने एवं परीक्षा केन्द्रों से मुहरबंद सामग्री लाकर जिला कोषालय के दृढ़ कक्ष में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### कैलीग्रॉफी एण्ड ग्रॉफिक डिजाइन सेंटर के नए बैच में प्रवेश 21 जून से

**सीहोर।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग की निगरानी में स्थापित "कैलीग्रॉफी एण्ड ग्रॉफिक डिजाईन सेंटर'' में वर्ष 2024-26 सत्र के लिये प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह कोर्स दो वर्ष का है। पहले वर्ष कैलीग्रॉफी की ट्रेनिंग दी जायेगी तथा दूसरे वर्ष में ग्रॉफिक डिजाईन की ट्रेनिंग दी जायेगी। सेंटर में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार अकादमी से प्राप्त निर्धारित फार्म 21 जून, 2024 तक कार्यालय में समय से जमा कर सकते हैं। फार्म सीमित हैं, जो अंतिम तिथि से पूर्व समाप्त हो सकते हैं। उम्मीदवार को कम से कम उर्दू विषय सहित मैट्रिक पास या उसके समकक्ष अदीब, माहिर या अदीब कामिल होना आवश्यक है।

### ट्रांसफार्मर खराबः 1912 पर करें शिकायत

**सीहोर** । मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है की मानसून सीजन के दौरान आंधी, बारिश एवं अन्य व्यवधान के कारण वितरण ट्रांसफार्मर फेल होने की शिकायतें 1912 पर दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं के पास विद्युत ट्रांसफार्मर व्यवधान संबंधी शिकायतों को दर्ज कराने के लिए कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 एवं मोबाइल एप उपाय का विकल्प मौजूद है।

### दो अलग-अलग हादसों में एक महिला गम्भीर घायल, एक युवक की मौत

# वाहन की टक्कर से महिला सरपंच और उनकी बहन घायल, शिप्रा में मिला शव

हादसे के बाद दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वही दूसरी घटना में युवक का शव नदी से निकालकर पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।जहां मृतक के शव का पीएम हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सोमवार को कालू खेड़ी चौराहे पर दो महिलाओं को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। एक की हालत गंभीर होने के चलते उसे रेफर किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शकुंतला पिता गोकुल पवार गायत्री पिता गोकुल पवार निवासी अमलावती दोनों अपने घर से कंचनपुर महादेव मंदिर गई हुई थी। मंदिर से लौट रही थी इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कालूखेड़ी चौराहे पर टक्कर मार दी। जिसमें दोनों को चोट आई है दोनों को जिला अस्पताल लाया गया।गायत्री की गंभीर हालत होने के कारण उसे इंदौर रेफर किया गया है। परिजनों ने बताया कि शकुंतला पवार ग्राम पंचायत निपानिया की सरपंच हैं। जो अपनी बहन गायत्री के साथ सोमवार को महादेव मंदिर कंचनपुर गई हुई थी, वहां से लौटते समय हादसा हो गया।दरअसल सोमवार को महिला सरपंच उसकी बहन के साथ मंदिर से घर की ओर एक्टिवा से लौट रही थी, उसी दौरान कालूखेड़ी के समीप अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों घायल हो गई।



दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां सरपंच की गंभीर हालते के चलते उसे इंदौर रेफर कर दिया। एक घायल का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है। सरपंच शकुंतला पिता गोकुल पवार उम्र 26 वर्ष व गायत्री पिता गोकुल पवार निवासी ग्राम अमलावती दोनों अपने घर से कंचनपुर महादेव मंदिर गई हुई थी। मंदिर से लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कालूखेड़ी चौराहे पर टक्कर मार दी। जिसमें दोनों को चोट आई। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां शकुंतला का प्राथमिक उपचार कर उसे इंदौर रेफर कर दिया गया। वहीं उनकी बहन गायत्री का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है।नदी में मिला युवक का तैरता शवशिप्रा नदी में सोमवार को एक युवक का शव तैरता हुआ मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय तैराकों की मदद से शव नदी से निकालकर पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।जहां मृतक के शव का पीएम हुआ। उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।मृतक की शिनाख्त राहुल पिता रमेश झाला उम्र 25 निवासी नौसराबाद कॉलोनी के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक अपने घर से शनिवार शाम से लापता था। रविवार शाम को परिजनों ने सिविल लाईन थाने पर गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। मामले में औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## किसान सम्मान निधि किसानों के खाते में डाले जाने पर मनाया किसान उत्सव दिवस



**सीहोर।** किसानों को सम्मान निधि मिलने की खुशी में सीहोर जिले के ग्राम चंदेरी के किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में ग्राम चन्देरी, रामाखेड़ी, कुँलासखुर्द, उलझावन, सेवनिया, छापरीकलाँ, बिलकिसगंज सहित अनेकों ग्राम के किसानों ने मिलकर प्रधानमंत्री मोदी, केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए अनोखे अंदाज में डांडिया नृत्य करते हुए खुशियां मनाई।

ज्ञातव्य है कि दिनांक 16 जून को किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा के नेतृत्व में सेकड़ों किसानों ने भोपाल जाकर अपनी खेती को हाँकने वाला हल को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को हल भेट कर किसानों को बीमा राशि दिये जाने बात रखी थी। जिस पर श्री चौहान ने आश्वस्त किया था कि दिनांक 18 तारिख को 17 वी किस्त सभी किसानों को मोदी जी के द्वारा किसान सम्मान निधि प्रदान करा दी जायेगी। किसान सम्मान निधि प्राप्त होने पर किसानों ने डंडिया कर किसान उत्सव दिवस मनाते हुए खुशी का इजहार किया और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### किसानों से ई- खसरा, खतोनी लेने की अपील

**सीहोर।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना लागू की है। किसानों से अपील की गई है कि वे ई-खसरा खतोनी ही लें। परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आई.टी. सेन्टर स्थापित किये गये हैं, जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरूप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# ईश्वर की भक्ति करने का कोई समय कोई आयु नहीं होतीः कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण आचार्य



**सीहोर।** शहर के जगदीश मंदिर स्थित प्राचीन मंदिर के परिसर में समस्त महाकाल सेवा समिति सब्जी मंडी के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने भक्त प्रहलाद और हिरण्यकश्यप का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की भक्ति करने का कोई समय कोई आयु नहीं होती।

उन्होंने बताया कि पृथ्वी लोक पर हिरण्यकश्यप और हिरण्याक्ष दो असुरों ने भयंकर उत्पात मचा रखा था। देवताओं के आग्रह पर भगवान विष्णु ने हिरण्याक्ष का वध कर दिया। इससे हिरण्यकश्यप बदले की आग में जलने लगा और शक्तियां प्राप्त करने के लिए तपस्या करने लगा। हिरण्यकश्यप की पत्नी कयाधु ने एक पुत्र को जन्म दिया। इसका नाम भक्त प्रहलाद रखा इसके पश्चात कयाधु अपने पुत्र को लेकर अपने महल आ गई। भक्त प्रहलाद के जन्म लेते ही वह भक्ति के सागर में डूब गया और जब यह बात उसके पिता राक्षस राज हिरण्यकश्यप को पता लगी तो उसने अपने पुत्र को कई प्रकार से समझाने का प्रयास किया कि वह भगवान विष्णु की भक्ति करना छोड़ दे। क्योंकि हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को शत्रु मानता था और बदले की भावना में जल रहा था। हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। पंडित राहुल कृष्ण ने विस्तार से भक्त प्रहलाद का चरित्र वर्णन करते हुए कहा कि हिरण्यकश्यप नामक दैत्य ने घोर तपस्या कर भगवान ब्रह्मा से ऐसा वरदान प्राप्त किया कि वह न दिन में, न रात में, न अंदर, न बाहर, न कोई हथियार काट सके, न आग जला सके, न नर मार सके न नारी, न पानी में डूब कर मरने का वरदान प्राप्त किया था। हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को अपना दुश्मन मानते थे। वह निर्भय थे। हिरण्यकश्यप पुत्र प्रह्लाद को तरह-तरह की यातनाएं देने लगे जबकि भगवान हमेशा प्रह्लाद की रक्षा करते रहे। अततः भगवान विष्णु नरसिंह का रूप धारण किया व अत्याचारी दैत्य हिरण्यकश्यप को गोधूलि बेला में वध किया था। श्रीराम कथा श्रवण मात्र से ही किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। महापुरुषों को उनके आचरण से जाना जाता है।

### आस्था और उत्साह के साथ मनाया भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह

जगदीश मंदिर में जारी सात दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विवाह के बाद पति और पत्नी में विश्वास होना चाहिए। भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह आदर्श विवाह है।

## किसान पंजीकृत विक्रेताओं से ही बीज क्रय करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मानसून के प्रारंभ होते ही किसान भाई खरीफ फसलों की बोनी का कार्य करने के लिए खाद-बीज की व्यवस्था में लग जाते है। किसान भाई निजी विक्रेताओं से बीज क्रय करते समय ध्यान रखे की वे कृषि विभाग द्वारा पंजीकृत विक्रेताओं से ही बीज क्रय करे। साथ ही पक्का बिल भी लेवें, जो विक्रेता पक्का बिल नहीं देते हैं, उनकी शिकायत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी या उप संचालक कृषि सीहोर को कर सकते हैं।

कृषि विकास विभाग ने बताया कि सोयाबीन की जिले में प्रचलित प्रजातियां का ही चयन करें। किसानों को उत्तम क्वालिटी का प्रमाणित बीज प्राप्त हो, इसके लिए। बीज के नमूने लेकर प्रयोगशाला को भेजे जा चुके है। जिन किसान भाईयों के पास अपना स्वयं का बीज है उन्हें यह सलाह दी जाती है कि. बोनी के पूर्व बीज की अंकुरण क्षमता का परीक्षण कर लेवें। यदि 100 दानों में 70 दाने का अंकुरण होता है तो वह बीज बोने के लिए उपयुक्त हैं। बोनी के पूर्व बीज उपचार दवा से उपचारित कर ही बोयें।

## मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष के.एल.बैरागी के नेतृत्व में एक ज्ञापन महामहीम राज्यपाल, मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव वित्त विभाग को सम्बोधित ज्ञापन विधायक सुदेश राय को सौंपा। सीहोर जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर द्वारा ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि राज्य पेन्शनर भोगियों की 80 वर्ष की उम्र से ही अर्थात 80 वर्ष की उम्र प्रारम्भ होते ही भुगतान होने का प्रावधान है। मगर बैंक द्वारा ये अतिरिक्त भुगतान देर से किया जा रहा है। जिसके कारण पेन्शनरों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। पेन्शनर्स में किसी ने यह भ्रांति फैला दी है कि सरकार के मौखिक आदेशानुसार बैंक यह भुगतान एक माह बाद दे रहा है। माननीय केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण म.प्र. जबलपुर द्वारा केस क्रमांक ओ.ए.200/0097/2021 में दिनांक 04.01.2024 को पारित आदेश में इस पत्र के संदर्भ में क्रं. 2 से 4 तक के उल्लेखित अनुसार भुगतान नहीं होना माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. ग्वालियर एवं जबलपुर द्वारा पारित आदेशों का पालन नहीं होना माननीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है। संघ द्वारा मांग की गई कि म.प्र. शासन वित्त विभाग के संदर्भ क्रमांक एक एवं माननीय उच्च न्यायालयों ग्वालियर तथा जबलपुर द्वारा पारित आदेशों के परिपालन में लघुत्तम समय सीमा में ब्याज सहित भुगतान आदेश प्रसारित करने से न्यायालयों के आदेश की अवमानना से बचा जा सकेगा एवं संस्था को भी न्यायालय की शरण में नहीं जाना पढ़े। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थितजनों में डॉ.साधुराम शर्मा, पं.राममूर्ति शर्मा, सी.एस.ठाकुर, मुन्ने मियाँ सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

### सुरक्षा के लिए हेलमेट का उपयोग अनिवार्य

**सीहोर।** अपने एवं अपने परिवार की सुरक्षा के लिए दो पहिया वाहन सवारों को हेलमेट लगाना अनिवार्य है। दो पहिया वाहन सवारों को हेलमेंट का उपयोग सुनिश्चित करने के लिये समग्र प्रयास किये जा रहे हैं। हेलमेट के उपयोग के लिये जागरूकता अभियान के साथ वाहन अधिनियम में कार्यवाही भी की जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम और दण्डात्मक कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। बगैर हेलमेट के वाहन सवारों की सड़क दुर्घटना में होने वाली जन-हानि को रोकने के लिये विशेष जागरूकता अभियान पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा मिल कर चलाया जायेगा। इसके लिये आवश्यक निर्देश भी सभी शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिये जारी किये गये हैं।

## रेलवे राजस्व अधिकारी को नहीं करने दिया कार्य, जब तक 4 गुना मुआवजा नहीं मिलता हम नहीं देंगे अपनी भूमि


**भैरूंदा।** रेलवे राजस्व अधिकारी भैरूंदा के ग्राम पांडा गांव में भूमि अधिग्रहण पर कार्य करने आए कर्मचारियों को बैरन कार्य किए ही लौटना पड़ा। सभी किसानों ने मिलकर कर्मचारियों को वापस जाने पर विवश कर दिया।किसानों का कहना है। जब तक 4 गुना मुआवजा नहीं मिलता हम अपनी भूमि अधिग्रहण नहीं होने देंगे किसान नेता सूरत सिह मकवाना के नेतृत्व में सभी किसानों साथ के साथ नंदलाल डूडी, देवेंद्र जाट, जितेंद्र जाट, राधेश्याम देदाड़, रामेश्वर गोलिया, राजेश जाट, राम शंकर जाट, बलराम कतीया, रवि शंकर तंवर, महेश घटियाली, भूपेंद्र गोलियां, राजेश पटेल, नितेश गुगड़वाल मौजूद रहे।



### अब कॉलेज में खुलेगा विद्यार्थी का एबीसी खाता

**सीहोर।** जिस तरह देश के हर नागरिक के लिए आधार कार्ड जरूरी है, उसी तरह अब हर विद्यार्थी का एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) खाता खुलेगा। इसमें उसकी पढ़ाई का पूरा रिकार्ड रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने सभी विद्यार्थियों के लिए यह अनिवार्य किया है। एबीसी एक प्रकार की बैंक है जिसमें हर विद्यार्थी की प्रत्येक परीक्षा का रिकार्ड हमेशा के लिए स्टोर रहेगा। इसी बैंक के आधार पर अब विद्यार्थी को देश-विदेश में कहीं भी आगे पढ़ाई करनी हो या कहीं नौकरी में जाना हो तो उसे मार्कशीट और डॉक्यूमेंट साथ लेकर चलने की जरूरत नहीं रहेगी। विद्यार्थी को एग्जाम फार्म भरने से पहले एबीसी में केवल एक बार ही रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

### पूर्व भाजपा विधायक मदनलाल त्यागी के निधन पर जिला भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



**सीहोर** । सीहोर जिले के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं सीहोर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय,मिलनसार पूर्व विधायक मदनलाल त्यागी के दुखद निधन पर सीहोर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रवि मालवीय ने जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की । जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने बताया की मदनलाल त्यागी जी के निधन की खबर मिलते ही भाजपा में शोक छा गया। श्री त्यागी के निधन पर सीहोर जिले की विधानसभा सीहोर, बुधनी, आष्टा, इछावर के विधायक,देवास, भोपाल, विदिशा के सांसद सर्व शिवराजसिंह चौहान केंद्रीय कृषि मंत्री, करणसिंह वर्मा राजस्व मंत्री मप्र, आलोक शर्मा सांसद भोपाल, महेंद्रसिंह सोलंकी सांसद देवास, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर सहित जिला, मंडलो के सभी पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों, अध्यक्षों, ने मदनलाल त्यागी जी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सड़कों के दोनों तरफ वाहन खड़े होने से निकलने तक की जगह नहीं बच पाती है

# पार्किंग जोन की समस्या से जूझ रहा शहर, चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की सबसे बड़ी समस्या वाहनों के पार्किंग की है। हालत यह है कि पूरे बाजार की सड़कों के दोनों तरफ दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े होने पर यहां से निकलने तक की जगह नहीं बच पाती है। इस समस्या से शहर सालों से जूझ रहा है। इसके बाद भी अभी तक नपा इस समस्या का समाधान नहीं कर सकी है। आलम यह है कि सड़कों की साइडों पर वाहन पार्किंग होने से बार-बार जाम की समस्या बनती है।

शहर में ग्रामीण क्षेत्रों से बढ़ी संख्या में लोग आते हैं। इसके अलावा शहर में लगातार जनसंख्या वृद्धि हो रही है। लेकिन नपा ने अभी तक शहर में पार्किंग की समस्या को कोई स्थााई समाधान नहीं खोजा है। शहर के मुख्य बाजार की सड़कों पर हर रोज 10 से 15 हजार वाहन आते हैं। जो सड़कों पर ही खड़े हो रहे हैं। इससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है साथ ही दुर्घटना होने की



संभावना बनी रहती है। यदि इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह समस्या और बढ़ जाएगी। बीते दशकों में शहर का फैलाव तो हुआ लेकिन वाहन पार्किंग के लिए और स्थाई समाधान नहीं हो हो सका है। लोगों को यह समझ नहीं आता है कि आखिर वे वाहनों को कहां खड़ा करें।

### इन स्थानों पर पार्किंग की समस्या

गांधी रोड गांधी रोड की हालत यह है कि यहां पर सुबह से रात तक भीड़ ही रहती है। यहां पर कपड़े के अलावा चूड़ी और महिला सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों की संख्या अधिक है। इसलिए महिलाओं की भीड़ इस बाजार में देखने को मिलती है। इसके अलावा सराफा बाजार में में सोने और चांदी की दुकानें हैं जिस कारण से यहां पर भी त्योहारी सीजन में काफी भीड़ हुआ करती है। वैसे तो हर रोज ही यहां पर भीड़ रहती है। लेकिन खासकर त्योहारी सीजन में समस्या बढ़ जाती है।

### पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा राधा रानी पर अभद्र टिप्पणी करने पर यदुवंशी समाज ने सौंपा ज्ञापन



**भैरूंदा।** क्षेत्रीय यदुवंश युवा समाज के द्वारा पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा राधा रानी पर अभद्र टिप्पणी करने पर भैरूंदा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा यदुवंश समाज ने इसकी आलोचना करते हुए और पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर थाना प्रभारी घनश्याम दांगी को आवेदन पत्र देकर अभद्र अलोचना पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की क्षेत्रीय यदुवंश युवा समाज द्वारा दिये गये आवेदन को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही करे।

**पंडित प्रदीप मिश्रा ने क्या कहा था :** उन्होंने कहा कि राधा का नाम भगवान कृष्ण की रानियों में नहीं है। उनके पति में श्री कृष्ण का नाम नहीं है. राधा के पति का नाम अनय घोष, सास का नाम जटिला और ननद का नाम कुटिला था। उन्होंने दावा किया कि राधा का विवाह छात्रा गांव में हुआ था।

पीड़िता बोली - मुझे व मेरे पति को जान का खतरा, अगर भविष्य में कुछ अनहोनी होती है तो नपाध्यक्ष होंगे जिम्मेदार

# महिला स्वास्थ्यकर्मी से घर में घुसकर मारपीट करने पर नपाध्यक्ष पर एफआईआर की दर्ज

**मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने किया ट्वीट**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सत्ता के मद में चूर हो चुके नगरपालिका राजगढ़ के अध्यक्ष फिलहाल फिर से सुर्खियों में हैं। प्रशासन को अपनी जेब में रखने का दावा करने वाले नपाध्यक्ष पर पूर्व में भी अपने सहयोगियों के साथ सरेआम मारपीट की घटना का आरोप लगा हुआ है। परंतु इस बार मामला महिला स्वास्थ्यकर्मी के घर में घुसकर मारने का है। महिला व उसकी 7 साल की मासूम बेटी इस पूरे मामले को देखकर सहम गई। पीड़िता का कहना है कि नपाध्यक्ष विनोद साहू द्वारा दो बार मुझे मारने आए जिसका मेडिकल भी करवाया गया है। अध्यक्ष विनोद साहू पर एक महिला स्वास्थ्य कर्मी के घर लाठी डंडे लेकर मारपीट करने के आरोप लगे हैं। घटना के कई वीडियो बनाए गए हैं जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन्ही वीडियो को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी अपने ट्वीटर हेंडिल से ट्वीट करते हुए सीएम को लिखा है कि नेताओं का आतंक। राजगढ़ पुलिस ने भी मामले में संज्ञान लेते हुए नपाध्यक्ष विनोद साहू पर 294, 323, 506 में मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

### नपाध्यक्ष को गाली देने से मना किया तो मारपीट पर उतर आए

पीड़ित स्वास्थ्य कर्मी मीनाक्षी का कहना है कि 16 जून को 2.30 बजे दोपहर में नपाध्यक्ष मेरे शासकीय निवास पर आए और गालियां देना शुरू कर दिया मना



Digvijaya Singh
@digvijaya_28

माननीय मुख्य मंत्री जी @CMMadhyaPradesh क्या आप एक शासकीय स्वास्थ कर्मी के साथ @BJP4India के नगर पालिका अध्यक्ष राजगढ़ द्वारा की जा रही गुंडागर्दी को स्वीकृति देंगे? क्या धारा 353 के अन्तर्गत इन पर कार्यवाही नहीं होना चाहिए? आप कहेंगे FIR नहीं हुई। बैतूल की रहने वाली नर्स शासकीय पार्टी के नगर पालिका के अध्यक्ष जी के ख़िलाफ़ FIR करने के लिए थाने पर जा रही थी तभी तो यह घटना हुई। अध्यक्ष जी की नाराज़ी का कारण क्या है आप CM साहब पता लगा लें। मुझे मालूम होते हुए भी नहीं कहूँगा। @RajgarhSp @collectorrajga1 क्या शासकीय कर्मचारी की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी आपकी नहीं है? @INCMP

राजगढ़ में भाजपा नेताओं की सरेआम गुंडागर्दी! महिला स्वास्थ्य कर्मी को ला... youtu.be/zOPfJlpHFG4?si... via @YouTube

Translate post

7:15 · 17 Jun 24 · 4,102 Views

69 Reposts 241 Likes 1 Bookmark

करने पर थप्पडों से मारा। इसके बाद दोबारा फावड़ा लेकर मारने के लिए दौड़ा इतने में मेरे पति आ गए और बीच बचाव किया।

इस संबंध में राजगढ़ टीआई वीर सिंह ठाकुर का कहना है कि जांच के उपरांत नपाध्यक्ष विनोद साहू पर 294, 323, 506 में मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### विवाद की जड़ यहां से हुई शुरू

जानकारी के अनुसार सरकारी रेसिडेंशियल कैंपस में लगने वाले गेट को लेकर स्टॉफ के कर्मचारियों से चंदा इकट्ठा किया गया था। परंतु जब गेट लगने लगा तो पीड़िता ने कह दिया था कि इसे लगवाते समय मुझसे भी राय ले ली जाती तो अच्छा लगता। मैंने भी इसके लिए रूपए दिए हैं। जिस पर कैंपस में ही रहने वाली किरण से कोई विवाद हो गया। वहीं से मामला तूल पकड़ गया।

### घटना संज्ञान में नहीं है

कांग्रेस नेता पार्टी को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। छोटा-मोटा विवाद हो गया होगा, परंतु महिला से मारपीट जैसी घटना मेरे संज्ञान में नहीं है। हम सभी संस्कारित पार्टी के कार्यकर्ता हैं।

**ज्ञानसिंह गुर्जर,**
राजगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष

### अभद्रता के आरोप लगते रहे हैं

नेताओं पर पूर्व में भी महिलाओं के साथ अभद्रता के आरोप लगते रहे हैं। परंतु जिले के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि कोई नपाध्यक्ष किसी महिला के निवास पर जाकर मारपीट करता है। यह पार्टी की करनी और कथनी को दर्शाता है।

**प्रकाश पुरोहित,**
जिलाध्यक्ष कॉंग्रेस राजगढ़

कॅरियर मार्गदर्शन शिविर आयोजित

## कलेक्टर ने बताए प्रतिभा निखारने और कॅरियर को संवारने के टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कक्षा बारहवीं के बाद हर विद्यार्थी को शिक्षा की उस दिशा को चुनन पड़ता है जिसमें उसे आगे अपना जीवन बनाना है। लेकिन, कैरियर चुनने की राह आसान नहीं है। कभी-कभी हमारी इच्छाएं अलग होती हैं लेकिन उनमें कैरियर नहीं बन पाता है। ऐसे में हमें अपना भविष्य बनाने किस राह पर चलना चाहिए इस संबंध में कैरियर मार्गदर्षन शिविर अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। इसी उद्धेष्य को लेकर गत दिवस सौंधिया समाज के तत्वावधान में जीरापुर स्थित सामाजिक धर्मधाला में कैरियर मार्गदर्षन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया कि किस तरह हम अपने कैरियर का चयन करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हमें जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसे पाने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। इस दौरान कलेक्टर दीक्षित ने बच्चों से पूछे गए प्रष्नों का संतुष्टीपरक उत्तर प्रदान किए। कार्यक्रम में मतस्य पालन मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि जिस बच्चे ने लक्ष्य बना लिया वहीं जीवन में ऊंचे मुकाम पर पहुंचता है।

### हमें सभी से लेना चाहिए मार्गदर्शन : पंवार

मंत्री पंवार ने बच्चों से कहा कि विद्यार्थियों को अपने वरिष्ठजनों, अभिभावकों, शिक्षकों से भी मार्गदर्षन लेना चाहिए। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी प्रताप सिंह सिसोदिया, आलोट जपं अध्यक्ष कालूसिंह परिहार, तारासिंह चौहान, सासंद नारायण सिंह आमलाबे, जिपं अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, संजय पंवार, प्रेमसिंह पंवार, ईष्वर तोमर, नरवर सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नवनियुक्त कृषि मंत्री चौहान को प्रचंड जीत की दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान गत दिवस राजधानी दिल्ली से लौटे हैं। उनके भोपाल लौटने पर राजगढ़ एवं खुजनेर क्षेत्र के भाजपाईयों व खुजनेर नपा के सभी पार्षदों ने चौहान के निवास पहुंचकर उन्हें चुनावों में मिली प्रचंड जीत की बधाई दी। इसके साथ ही सभी भाजपाई सहकारिता मंत्री विश्वास सारंगपुर के निवास पर भी पहुंचे और उन्हें बधाई देते हुए क्षेत्र की आवश्यकताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार काका, पूर्व नपाध्यक्ष पंकज शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया बकरीद का पर्व, उर्स का हुआ आयोजन

### ईद की नमाज अदा कर देश में अमन-शांति की दुआ मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा सोमवार को ईजउलजुहा बकरीद का पर्व उत्साह, उमंग एवं उल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर में कुर्बानियों के पूर्व सुबह सभी मुस्लिमजन ईदगाह एवं मस्जिदों में एकत्रित हुए। यहां सभी ने ईद की नमाज अदा की। नमाज के दौरान सभी को शांति, सौहाद्र, अमन और भाईचारे से रहते हुए मुल्क की तरक्की के लिए प्रयास करते रहने की तालीम दी गई।

न केवल राजगढ़ मुख्यालय बल्कि जिले के सभी शहरों, कस्बों, ग्रामों में ईद का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। मुख्यालय पर मस्जिद में हुई नमाज उपरान्त नगर पालिका द्वारा मुस्लिमजनों के स्वागत आदि रखा




गया। यहां हिंदू, मुस्लिमों ने एक-दूसरे के गले मिलकर पाक त्यौहार की बधाई दी। ईद पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। राजगढ़ मुख्यालय पर 46वें उर्स का आयोजन भी रखा गया। उर्स में लंगर उपरान्त रात्रि में कव्वालियां का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## ईद का पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया, मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

सोमवार को नगर वा ग्रामीण क्षेत्र में ईद उल अजहा का महा पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया।छोटे-छोटे बच्चे,पुरुष सजधजकर सारंगपुर रोड स्थित ईदगाह पर पहुंचे। ईदगाह पर जामा मस्जिद की इमाम मौलाना मोहम्मद इकबाल खाँ अपनी तकरीर में कहां की मजहबे इस्लाम में कुर्बानी एक इबादत है।

पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम और उनके बेटे हजरत इस्माइल अलेह सलाम की याद में ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जाता है। आगे मौलाना ने कहा कि जो साहिबे हैसियत है। उन पर कुर्बानी वाजिब( जरूरी) है। अभी भी अगर साहिबे हैसियत ने कुर्बानी का जानवर नहीं लिया है ,तो अभी दो दिन बाकी है। उन दो दिनों में भी कुर्बानी कर सकते। ईद की नमाज जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद इकबाल खाँ ने सुबह 7.30 पर अदा कराई। दुआ की ए अर्श आजम के मालिक, हम तेरे खताकर बंदे हैं।, ऐ हमारे परवरदिगार हमारे गुनाहों को माफ फरमा, या अल्लाह हमारी इबादतो और कुर्बानियों को कबूल फरमा,या अल्लाह जो बीमार है उन्हें शिफा अता फरमा,या अल्लाह मुल्क में अमनो अमान अता फरमा, मुल्क की तरक्की अता फरमा,या अल्लाह मुल्क में अमन भाईचारा-सद्भाव अता फरमा,या अल्लाह रहमतों बरकतों वाली बारिश अता फरमा दुआ के बाद नगर में कुर्बानियों का दौर शुरू हो गया और एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और हिंदू भाइयों ने भी ईद-उल-अजहा के मौके पर मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

### समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष ने की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

**नरसिंहगढ़।** गंगा दशमी के पावन अवसर पर छीपा समाज द्वारा श्री लक्ष्मीकांत मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही समाज के नव नियुक्त अध्यक्ष ओमप्रकाश बघेरवाल द्वारा नवीन कार्य समिति की घोषणा की गई जिसमें सचिव पद पर धर्मेंद्र नामदेव रईवाल उपाध्यक्ष पद पर नवीन नामदेव मोहित तोनगरिया व सतीश भावसार कोषाध्यक्ष पद पर आकाश बघेरवाल एवं सह सचिव गोविंद नामदेव, प्रचार प्रसार मंत्री के पद पर गोपाल प्रसाद जाजपुरिया एवं विधिक सलाहकार एडवोकेट मुकेश नामदेव को नियुक्त किया गया समाज के सभी वरिष्ठजनों द्वारा नवयुक्त अध्यक्ष एवं कार्य समिति के सदस्यों का स्वागत कर बधाई दी गई नव नियुक्त सचिव द्वारा सभी समाज बंधुओ का आभार प्रदर्शन किया गया व सह भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## 11 केवी लाइन से पोल टकराने से फैला करंट, सोनकच्छ के पास की घटना

**2 विद्युतकर्मियों की मौत, 2 घायल**



**नरसिंहगढ़।** डिविजन के छोटा बैरसिया ग्रिड के सोनकच्छ की घटना है जहां पर बिना परमिट के ही विद्युतकर्मियों से काम करवाने की बात सामने आई। परंतु समय बीतने पर पता की परमिट था। परंतु इस हां और न में किसी के परिवार के दो चिराग बुझ गए और 3 लोग घायल हो गए। जिनका उपचार ब्यावरा के निजी अस्पतालों में चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मृतकों को मरर्चूरी में रखवा दिया गया है।

मृतक अभिषेक पिता इंदर सिंह उम्र 22 साल निवासी गीदोरहाट थाना सुठालिया व संदीप पिता हेमराज प्रजापति उम्र 19 साल निवासी गिनदौर हाट थाना सुठालिया हैं। वहीं घायलों में मुकेश पिता प्रेमचरण वर्मा उम्र 35 साल निवासी सोनकक्ष थाना नरसिंगगढ़ निदान अस्पताल मै भर्ती है। विक्रम पिता मांगीलाल प्रजापति उम्र 22 साल निवासी गिनदौरहाट सिविल अस्पताल मै भर्ती है।


## रोड किनारे लगे ठेलों की वजह से वाहनों को निकलने में आ रही परेशानी

**छापीहेड़ा।** बस स्टैंड के मैन रोड पर प्राचीन चोपड़ा के आसपास लगे हाथ ठेलो की वजह से थोड़ी-थोड़ी देर में जाम लग जाता है। रोड पर निकलने वाले वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। प्रदेश सरकार के द्वारा निर्देश जारी किए गए थे कि जहां-जहां जाम की स्थिति लगती है वहां यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान हो सके। परंतु नगर छापीहेड़ा में रोड किनारे लगे हाथ ठेलो की वजह से वाहनों को निकालने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है रोड किनारे की पटरी पर बड़े-बड़े तंबू तानकर मेंन रोड को ही सकड़ा कर दिया




समस्या विकट परंतु निराकरण के लिए ना तो नपा आगे आती है नाही यहां का स्थानीय पुलिस प्रशासन फिर यातायात कैसे दुरुस्त हो पाएगी छापीहेड़ा नगर के मेंन रोड की यातायात व्यवस्था दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है अगर समय रहते ध्यान ना दिया तो बड़े हाथसे एक्सीडेंट जैसी संभावनाए भी बनी रहती हे मेंन रोड से नजदीक टिकाकर हाथ ठेले लगाना इन पर कोई रोक-टोक ना होना इससे सीधा-सीधा नपा के साथ-साथ पुलिस व्यवस्था पर भी सवालिया निशान उठना है।

## श्री तारणहार सरकार मंदिर पर मनाया स्थापना वार्षिक महोत्सव



**सारंगपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री तारणहार सरकार मंदिर न्यायालय परिसर में स्थापना वार्षिक महोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार प्रातः 7 बजे से सभी देवी देवताओं का आव्हान,पूजन एवं रामायण पाठ का आयोजन किया गया। दूसरे दिन रविवार प्रातः08 बजे सभी देवी देवताओं का पूजन, श्री तारणहार सरकार का विशेष पूजन एवं नयनाभिराम आकर्षक श्रृंगार कर हवन कर आरती की गई। मध्यान्ह में कन्या भोज का आयोजन किया गया तथा सायंकाल 07.30 बजे विशेष महाआरती एवं भंडारा का आयोजन किया गया। समस्त पूजन अर्चन मंदिर के मुख्य पुजारी पं बालकृष्ण शर्मा साथी पं पवन पारीक के द्वारा विधि पूर्वक संपन्न करवाई गई।

सोशल मीडिया बना माध्यम

## भोपाल से राजगढ़ आकर डोनेट किया दुर्लभ ग्रुप का ब्लड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल में एडमिट पार्वती पत्नी गोपाल को दुर्लभ ग्रुप कहे जाने वाले एबी नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी। समाजसेवियों के काफी प्रयासों के बाद भी इस ग्रुप के रक्त की राजगढ़ एवं आसपास क्षेत्र से कोई व्यवस्था नहीं हो पाई। सोशल मीडिया के माध्यम से रक्त आवश्यकता का मैसेज लक्ष्मीनारायण तंवर को मालूम हुआ। तंवर ने भोपाल निवासरत अपने मित्र घनश्याम राजपूत चिंकू से इस बारे में संपर्क किया और एबी नेगेटिव ग्रुप की नितांत आवश्यता बताई। धनश्याम भोपाल से रवाना होकर राजगढ़ जिला अस्पताल पहुंचे यहां उन्होंने पेशेंट पार्वतीबाई के ब्लड डोनेट किया।

हमें जल स्रोतों का संरक्षण करना होगा और उनकी साफ सफाई रखनी होगी

## जल गंगा अभियान का समापन, सीएम के संदेश को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा जल संरक्षण के लिए कुआ बावड़ी जल स्रोतों नदी नालों की सफाई का जो अभियान चलाया गया था उसे अभियान का जनपद स्तरीय समापन पौधारोपण के साथ बिजासन धाम वैष्णो माता जी में किया गया।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कौशल विकास एवं रोजगार गौतम पेटवाल ने कहा कि आज जिस युग में हम जी रहे हैं इसमें हमें ऑक्सीजन की बेहद आवश्यकता होती है जरूरी है। जल और जंगल इसलिए हमें जल स्त्रोतों का संरक्षण करना होगा और उनके साफ सफाई रखना होगी ताकि उनमें वर्ष का जल का संचय हो हो सके क्योंकि वर्षा के जल संचय से ही



हमारी फसलों को पानी मिलेगा सब का दाइत्व है की सब एक एक पेड़ लगाए और उनको बड़ा करने का संकल्प ले ताकि आने वाले कल में हमें वही पेड़ आक्सीजन प्रदान कर सके वही मंत्री टेटवाल ने ग्राम विकास कार्यो में सरकार की और से हर सम्भव मदद कराने की बात मंच के माध्यम से कही।

वही सांसद रोडमल नागर ने कहा की हर व्यक्ति अपने जन्मदिन पर हर वर्षा एक पौधा लागए क्योंकि पेड़ आज की जरूरत है हमारे पूर्वजों के द्वारा संरक्षित कुआ बावड़ी नदी नालों की साफ सफाई और उनके रखरखाव की जिम्मेदारी अब हमारी बनती है इसलिए सबसे आग्रह है अपनी जड़ो से जुड़े क्योंकि जीने के लिए जिस चीज की ज्यादा जरूरत होती है वह है आक्सीजन और आक्सीजन केवल पेड़ पौधे ही दे सकते है आज हम जौ कचरा फैला रहे है और इससे मिलने वाली जहरीली गैस को भी पौधे ही आत्मसात करते है और बदले में हमें जीने के लिए शुद्ध वायु देते है। इस अवसर पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने भी उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए जलसंरक्षण के लिए जनसहयोग से चलाये गएतालाब गहरीकरण कार्य के लिए ग्रामीणों को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर सभी को जल संरक्षण जलस्त्रोत की देखभाल पौधरोपण का संकल्प जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर ने दिलाया। वही भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश बैस वा घनश्याम नागर द्वारा भी जल गंगा अभियान के संदर्भ में अपनी बात रखी इस अवसर पर महिप तेजस्वी मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजगढ़, प्रमोद कुमार सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर, मनोज शर्मा तहसीलदार सारंगपुर, सहित जनपद के सभी उपयंत्री मौजूद रहे राज्यमंत्री गौतम टेटवाल,सांसद रोडमल नागर एवं कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर सहित अतिथियों वा सरपंच कुलदीप नागर ने पौधरोपण किया।

## खबर संक्षेप

### श्री वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ ने किया पौधरोपण

**आष्टा।** श्री वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ मुम्बई,म प्र के प्रदेश अध्यक्ष पी एल बैरागी के जन्मोत्सव पर, अखंड श्री वैष्णव बैरागी समाज आष्टा ने मनोहर बैरागी के निज निवास पर पी एल बैरागी का माला, शाल, श्री फल, व साफा बांधकर स्वागत किया। तदुपरान्त बाबा रामदेव मन्दिर प्रांगण में पौधारोपण किया। इस अवसर पर महंत भवानी दास बैरागी तिलावद, अखंड श्री वैष्णव बैरागी समाज आष्टा के संयोजक डा दुर्गा दास बैरागी खाचरोद, संयोजक श्री राम दास बैरागी अरनिया राम, महंत बाबू दास बैरागी नर्पाखेडी, महंत अधिकारी हरि दास बैरागी मुगली, तहसील अध्यक्ष मुकेश बैरागी, संयोजक ओम बैरागी, संयोजक निर्मल बैरागी, रामानंदाचार्य जयंती अध्यक्ष दिनेश बैरागी, संयोजक कन्हैया बैरागी आष्टा, सेवा संघ जिला अध्यक्ष देवास के डा राजेश बैरागी, अतुल बैरागी पटाडिया नजदीक,सेवा संघ जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ निलिमा बैरागी,नगर अध्यक्ष मनोहर बैरागी तहसील युवा अध्यक्ष कृष्ण दास बैरागी, कोषाध्यक्ष संतोष वैष्णव, उपाध्यक्ष राजेश बैरागी, विनोद बैरागी, महेश बैरागी आष्टा, धर्मेन्द्र बैरागी झरखेडी, तहसील उपाध्यक्ष राहुल बैरागी, सचिन बैरागी सीहोर, पुजारी संघ अध्यक्ष विष्णु दास बैरागी, तहसील नगर रवीन्द्र वैष्णव, तहसील युवा उपाध्यक्ष पवन बैरागी, सुनील बैरागी मुगली,धर्मेन्द्र बैरागी झरखेडी, युवा उपाध्यक्ष राहुल बैरागी मुगली रोड, गौवर्धन दास बैरागी अरोलिया, बनवारी दास बैरागी भोपाल, राजेन्द्र बैरागी सिद्दीकगंज,भविष्य वैष्णव, वेदान्त वैष्णव,शाशवत वैष्णव सहित अन्य उपस्थित हुए।

### कन्नौद रोड की बजरंग कॉलोनी में स्थित सोनी लॉज में लगी भीषण आग

# दुकानों में रखा सामान जलकर खाक दूसरी मंजिल से कूदकर बचाई जान

जिले की दमकलों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




बीती रात को कन्नौद रोड बजरंग कालोनी स्थित सोनी लॉज में भीषण आग लग गई!जिसके चलते सोनी परिवार की दो दुकानों में रखा लाखों रूपए का सामान जलकर खाक हो गया। वही ऊपर दूसरी मंजिल पर सो रहे सोनी परिवार के सदस्यों और बच्चो ने ऊपर से कूदकर जान बचाई। देर रात लगी भीषण आग पर बड़ी मशक्कत से काफी देर में आग पर काबू पाया गया। वही आग इतनी भीषण थी की दुर दुर से आग की लपटे दिखाई दे रही थीजानकारी अनुसार आग लगने से निकलेश सोनी निक्कू, गुलशन सोनी की दुकानों में रखा लाखों रूपए सामान जलकर खाक हों गया।

### लॉज में ही निवास और दुकानें

सोनी परिवार का निवास और व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी सोनी लॉज में ही था। छोटे भाई निक्लेश सोनी की कार डेकोरेशन और गुलशन सोनी की मोबाईल एसेसिरिज की होल सेल की दुकान थी, आग लगने से दोनो भाईयो की दुकान में रखा लाखो रुपए का सामान आग से तबाह होने के कारण सोनी परिवार को बडा आर्थिक नुकसान हुआ। वही निवास भी एक ही जगह होने से घर गृहस्थी के समान फ्रिज, कूलर, वाशिग मशीन सहित अन्य सामान भी आग की चपेट में आया। आपको बता दे की रहवासी इलाका होने के चलते आग लगने के कारण आसपास के मकानो में दहशत का माहौल बना। आग पर आष्टा सहित कोठरी, सिहोर, जावर की दमकलो की मदद से काबू पाया गया। गौरतलब है की महज कुछ दिनो पूर्व ही अशोक सोनी के पिता और निक्लेष सोनी, गुलशन सोनी के दादा किशन कैप्टन सोनी का निधन हुआ था। जिनका रसोई नुक्ता का कार्यक्रम था। जहां सोमवार शाम से मेहमानों का आना शूरू हुआ था। वही सुबह भी मेहमानों का आना जारी रहा। उक्त घटना देर रात लगभग 3 बजे की घटना बताई जा रही है।



### दूसरी मंजिल से कूदकर बचाई जान

बीती रात को सोनी लॉज में लगी आग इतनी भीषण थी की घर में सो रहे सोनी परिवार ने दूसरी मंजिल से कूदकर और बच्चो को निचे खडे पड़ोसियों की गोद में फेककर जान बचाई। इस घटना में भाई गुलशन सोनी को रात में अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। वही राहत भरी बात यह है की इस घटना में कोई जनहानि नही हुई। वही सुबह तहसीलदार पंकज पवैया ने पटवारी के साथ मोके पर पहुंच कर नुक्सान का जायजा लिया। वही आग लगने का कारण अज्ञात है जिसकी जांच की जा रही है।



# बिना फॉर्मासिस्ट के संचालित हो रहा था मेडिकल

### एप्पल हॉस्पिटल का है मामला



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शनिवार 15 जून को जिस एप्पल हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन ने छापा मारा था, वहां पर अस्पताल के अंदर जो मेडिकल संचालित हो रहा था उस पर लाइसेंस धारी व्यक्ति नहीं था।बिना लाइसेंस धारी व्यक्ति मेडिकल को संचालित कर रहे हैं। लेकिन ड्रग इंस्पेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी धृतराष्ट्र बने हुए हैं या फिर सेटिंग से सारा कार्य चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एप्पल हॉस्पिटल के अंदर मैक्स मेडिकल पर लाइसेंस धारी युवक नहीं था, जबकि इस मेडिकल का लाइसेंस जावेद मंसूरी पिता इकबाल खान मंसूरी के नाम से है। जो युवक मेडिकल पर था वह प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को देखकर वहां से भागने का प्रयास कर रहा था। एप्पल हॉस्पिटल के डायरेक्टर अरुण वर्मा ने जांच टीम को बताया कि 8 हजार रुपए में इंदौर से महिला चिकित्सक पल्लवी आष्टा आती है। हमारे अस्पताल में उपचार हेतु। डॉ मोहसिन पटेल, डॉ राजेश सेठिया, निश्चेतना के आकांक्षा बिकरोल को आवश्यकता पड़ने पर बुलाया जाता है। शिकायत बाक्स नहीं, डॉक्टरों की सूची नहीं।

### संबल योजना अन्तर्गत वितरित की राशि



**कोठरी।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिक कूपरचन्द्र पिता फुलजी निवासी वार्ड क्रमांक 04 की धर्म पत्नि सुलोचना बाई पति कपूरचन्द्र की मृत्यु उपरांत दिनांक 18.06.2024 को नगर परिषद कोठरी अध्यक्ष महोदय नगीना राधेश्याम दलपति एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेन्द्र कुमार जाटव वार्ड 14 के पार्षद सीमा जगदीश मेंचन द्वारा 5000/- की अन्त्योष्टि सहायता राशि का वितरण किया गया।

### नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**आष्टा।** शासकीय माडल उमावि आष्टा में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियो के साथ उनके पालक भी उपस्थित रहे ।संस्था प्राचार्य सी एल पेठारी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्प माला अर्पित की और नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का पुष्प माला पहनाकर विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश दिया और माननीय मुख्य मंत्री जी मध्यप्रदेश के नेतृत्व में माननीय शिक्षामंत्री म.प्र. शासन द्वारा अभिभावकों के लिए प्रेषित संदेश को सभी को प्रदान की ।इस अवसर पर अनेक पालकगण सभी स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# माइनिंग विभाग की कार्रवाईः अवैध मुरम का खनन व परिवहन करते दो जेसीबी व 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर/दोराहा



सीहोर जिले में अवैध खनन व परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। माफिया सभी नियमों को ताक पर रखकर अवैध तरीके से खनन कर परिवहन करने से बाज नहीं आ रहे है। सम्बंधित विभाग भी सिर्फ खानापूर्ति की कार्रवाई कर इतिश्री कर देता है। लेकिन माफिया पर कठोर कार्रवाई नही होने के चलते हौसले बुलंद है।

मामला जिले के अहमदपुर का है। जहां बीती देर रात्रि को सीहोर माइनिंग विभाग ने काली रेत का खनन व परिवहन करते 2 जेसीबी तथा 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। सभी जब्त किए गए वाहनों को अहमदपुर थाने में पुलिस की निगरानी में खड़ा किया गया है। हालांकि विभाग की कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मच गया। बता दें कि माफिया सीहोर जिले के अहदमपुर थाना क्षेत्र में पार्वती नदी से खनन व परिवहन का सिलसिला लगातार जारी रहता है। कार्रवाई तो मात्र दिखावा है, यह अवैध खनन व परिवहन का खेल माइनिंग विभाग के अधिकारियों की संरक्षण में चल रहा है। क्योकिं विभाग आने से पूर्व ही माफिया सर्तक हो जाते है और मैदान छोड़ देते है। यही कारण है कि माफिया को कही ना कही माइनिंग विभाग का संरक्षण प्राप्त है। या फिर मिली भगत से अवैध खनन व परिवहन का खेल चल रहा है। वर्षो से जमे माइनिंग विभाग में इंस्पेक्टर संतोष सूर्यवंशी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते है। माइनिंग इंस्पेक्टर कार्रवाई तो करते है लेकिन सिर्फ खानापूर्ति का इतिश्री कर दी जाती है। कार्रवाई की जानकारी हेतु मीडिया द्वारा दूरभाष के जरिए जानकारी लेना चाही जाती है तो वह फ़ोन रिसीव नही करते।

अहमदपुर थाना प्रभारी अविनाश भोपले से इस संबंध में जानकारी लेना चाहा तो उनका कहना है कि माइनिंग विभाग ही आगे की जानकारी दे पाएगा माइनिंग विभाग ने पुलिस अभी रक्षा में यहां पर पकड़े गए ट्रैक्टर ट्राली और जेसीवी मशीन डंपरों को खड़ा किया है। क्षेत्र में खनन लगातार जारी है, इससे पहले भी कई बार अवैध खनन को लेकर वाहनों को जप्त किया गया है लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण खनन का काम लगातार क्षेत्र में जारी रहता है।

# नदियां हैं तो जीवन है, उनका संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य हैः रायसिंह मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



संपूर्ण प्रदेश भर में 5 से 16 जून तक जल एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जल गंगा अभियान चलाया जा रहा था, जिसका आज गंगा दशहरा तक के पावन अवसर पर समापन हुआ। नगरपालिका द्वारा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य, अनुविभागीय अधिकारी स्वाति उपाध्याय मिश्रा, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, सुभाष नामदेव, तेजसिंह राठौर की विशेष आतिथ्य में नगर की जीवन दायिनी मां पार्वती नदी की विधि-विधान, मंत्रोच्चार के साथ पूजा-आरती की गई। वहीं चुनरी भी मां पार्वती नदी को अर्पण की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि जल गंगा अभियान के तहत जहां नगर के नालों-नालियों की साफ-सफाई की गई, वहीं नगर के जलस्त्रोतों का संरक्षण व संवर्धन कार्य भी नगरपालिका द्वारा किया गया। साथ ही कुआं-बावड़ी की सफाई कार्य किया गया, वहीं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से बड़ी संख्या में पौधों का रोपण कार्य भी संपन्न किया गया। श्री मेवाड़ा ने कहा कि हमारे देश में नदियों को देवी मानकर उनकी पूजा और आरती की जाती है। अधिकतर हिंदू तीर्थ स्थान नदियों के तट पर ही स्थित है। हम गंगा दशहरा या नर्मदा जयंती इसलिए मानते हैं, ताकि इन नदियों की हमारे जीवन में उपयोगिता और महत्व को हम समझ सकें। जब मां गंगा धरती पर आई, तब यहां की बंजर धरती उपजाऊ हुई और हर क्षेत्र में हरियाली छाई, तभी से यह गंगा दशहरा पर्व मनाने की शुरूआत हुई।

गंगा दशहरा का पर्व गंगा नदी की उत्पत्ति से जुड़ा पर्व है। नदियां हैं तो जीवन है, उनका संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य है। वनों से नदियां और नदियों से वनों का गहरा जुड़ाव है। इसी को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार ने इस अभियान की शुरूआत की है। प्रदेश सरकार की यह एक सराहनीय पहल है, परंतु जल संवर्धन तभी संभव जब हम सभी हमारी जीवन दायिनी मां पार्वती नदी सहित अन्य जलस्त्रोतों का संरक्षण कर अपना सहयोग दे। इस अवसर पर तहसीलदार मुकेश सांवले, प्रभारी मुख्य नपा अधिकारी प्रमोद साहू, पटवारी वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, उपयंत्री अनिल धुर्वे, रमेश यादव, गबू सोनी, जगदीश वर्मा, नारायण सोलंकी, सुभाष सिसौदिया, महेन्द्र पोसवाल, भगवतशरण लोधी, पार्वती शर्मा, प्रहलाद वर्मा, कैलाश माली, आशीष बैरागी, प्रमोद श्रीवास्तव, राकेश विश्वकर्मा, रोहित सोनी, अरूण विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण, कर्मचारीगण मौजूद थे।

# सौरभ जैन शीतल बने होटल व्यापारी संघ अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



व्यापारी संगठन होटल व्यापारी की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे सौरभ जैन शीतल को होटल व्यापारी संघ नवीन अध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया। जानकारी अनुसार शहर के होटल व्यापारी व्यापारी संघ ने एक महत्वपूर्ण बैठक मुकेश जैन के निवास में बुलाई जहां शहर के तमाम होटल व्यापारी मोजूद रहे। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष ने आय व्यय लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद संघ के नवीन अध्यक्ष के लिए सौरभ जैन का नाम रखा गया। जिसमें सभी मोजूद सदस्यों ने सर्व सम्मति से सौरभ जैन के नाम सहमति जताते हुऐ होटल व्यापारी संघ का नया अध्यक्ष मनोनित किया। सभी ने नव नयुक्त अध्यक्ष सौरभ जैन शीतल का फुल माला पहनाकर स्वागत सम्मान कर बधाई शुभकामनाए दी। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ धनरूपमल जैन ने की। बैठक में मुकेश जैन, नरेश लक्ष्मी, दिलिपि विशिष्ट, नरेश खत्री, मुकेश मेवाड़, नानू जय दुर्गा, लोकेंद्र वशिष्ट, स्वरूप बीकानेर, कैलाश जय धर्म राज, भानु मेवाड़, दीपक मेवाड़, परमानंद विश्वकर्मा, स्नेहलता अशोक शीतल, किशोर जी वशिष्ट, पवन श्री श्रीमाल, सुनील मेवाड़ा मौजूद रहे ।

### चल रहा दस दिवसीय मुनिश्री भूतबलि सागर शिक्षण, संस्कार शिविर

# व्रत अंगीकार कर व्रतों का पालन करें: बाल ब्रह्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर शुक्रवार 14 जून से मुनिश्री भूतबलि सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर चल रहा है। बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी के पावन सनिध्य में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं द्वारा धर्म लाभ लिया जा रहा हैं । शिविर की जानकारी समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने देते हुए बताया कि बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी वाले ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को व्रत अंगीकार करके व्रत का पालन अवश्य करना चाहिए।जिससे काफी पुण्य अर्जन होता है। मनुष्य भव अनेक योनियों में भ्रमण करने के पश्चात मिला है।

मंगलाचरण में सिद्धों को नमस्कार किया गया है। यह इष्टोपदेश ग्रन्थ भव्य जीवों के लिए लिखा गया है। इष्टोपदेश ग्रन्थ में संस्कृत के 51 छन्द हैं । इसका लक्ष्य सिद्ध बनना है ,जब तक कर्म रहेंगे तब तक शुद्ध अवस्था को प्राप्त नही किया जा सकता है।सम्पूर्ण कर्मो के अभाव होने पर जिनके शुद्ध स्वभाव की प्राप्ति हो गई है वे ही सकल परमात्मा कहलाते है।परमात्म दो प्रकार के बताए गए है सकल ओर निकल। बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी वाले ने आगे कहा जो शरीर सहित है वे सकल परमात्मा ओर जो शरीर से रहित है वे निकल परमात्मा होते है।अगर आपको सिद्ध ओर शुद्ध बनना हो तो कर्मो का कचरा हटाना होगा,कर्मो को नष्ट करना पड़ेगा तभी शुद्ध बनकर आत्म कल्याण करेंगे।विअवृति रहकर नरक में जाना अच्छा नही होता,व्रत अंगीकार कर व्रतों का निरतिचार पालन कर अपने मनुष्य भव को सार्थक करना चाहिए।अपनी आत्मा को शुद्ध बनाना है तो व्रतों का पालन करना होता है,पांच पापो का पूरा त्याग करना महाव्रत है।वर्तमान काल मे मोक्ष नही होता, उससे अच्छा है, स्वर्ग में जाकर आगे काल का इंतजार करना चाहिए ,नरक में जाकर इंतजार नही करना।

# स्कूल चलें अभियान के तहत शाला में आने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद




मंगलवार को शासकीय हाई स्कूल रोला गांव, प्राथमिक शाला आवली खेड़ा, प्राथमिक शाला नौगांव, माध्यमिक शाला खाचरोद, प्राथमिक शाला खाचरोद सहित हाई स्कूल पगारियाहट आदि स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। जहां संस्था के प्राचार्य व हेड मास्टरों द्वारा सभी कक्षा के विद्यार्थियों और अभिभावकों को स्कूल शिक्षा मंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल चले अभियान के तहत शाला में आने के लिए प्रेरित किया गया वही सभी स्कूलों में छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर हाई स्कूल रोल गांव संस्था प्राचार्य महेश वर्मा, प्राथमिक शाला आवली खेड़ा हेड मास्टर बद्री प्रसाद वर्मा, प्राथमिक शाला नौगांव हेड मास्टर सोभाल सिंह जायसवाल, हाई स्कूल पगारिया हॉट संस्था प्राचार्य इलियास खान, माध्यमिक अवली खेड़ा, लखन सिंह ठाकुर प्राथमिक शाला खाचरोद, राणा मैडम माध्यमिक शाला खाचरोद, बैरागी मैडम, शिक्षक हरि सिंह पैरवाल, गंगाराम मालवी, भारत महेश्वरी, अभय सिंह ठाकुर, राकेश सोलंकी, कैलाश चंद्र रेकवाल, किरण परमार, मृणाल मंजरी मिश्रा, तेज सिंह ठाकु, शंकर सिंह ठाकुर, दरियाव सिंह आदि शिक्षक उपस्थित थे।